ambetter. FROM pa health & wellness



## सर्वाइकल (गर्भाशय-ग्रीवा) कैंसर की जांच महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल का एक अहम हिस्सा है।

आपके स्वास्थ्य साझेदार के रूप में, Ambetter from PA Health & Wellness, हमारे सदस्यों को उनके निवारक देखभाल कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर नियमित रूप से सर्वाइकल कैंसर की जांच कराने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## क्या आप जानते हैं?

- सर्वाइकल कैंसर का अगर समय रहते निदान कर लिया जाए तो इसे रोका जा सकता है और इसका इलाज भी संभव है।
- सर्वाइकल कैंसर के लक्षण अक्सर तब तक नहीं दिखते जब तक कि यह बाद के स्टेज में न पहुँच जाए।
- पैप टेस्ट आपके सर्विक्स (गर्भाशय ग्रीवा) पर कैंसर-पूर्व या कैंसर ग्रस्त कोशिकाओं का पता लगाने वाला एक स्क्रीनिंग टूल है।
- सर्वाइकल कैंसर के अधिकांश मामले ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) के कारण होते हैं, जो यौन संबंधों के माध्यम से फैलता है।
- एक HPV वैक्सीन उपलब्ध है जो कैंसर पैदा करने वाले सबसे आम प्रकार के HPV को रोकने में मदद करती है।
- रोग नियंत्रण केंद्र की सिफारिश है कि सर्वाइकल कैंसर की जांच 21 वर्ष की उम्र से शुरू कर दी जानी चाहिए।
- आपको कितनी बार सर्वाइकल कैंसर की जांच करानी चाहिए और आपका डॉक्टर कौन से टेस्ट की सलाह देगा, यह आपकी उम्र और स्वास्थ्य इतिहास पर निर्भर करता है:
  - 21 से 29 वर्ष की महिलाओं के लिए हर 3 साल में पैप टेस्ट।
  - 25 से 29 वर्ष की महिलाएं के लिए केवल HPV टेस्ट कराने पर विचार कर सकती हैं, लेकिन पैप टेस्ट करवाने को प्राथमिकता दी जाती है।
  - 30 से 65 वर्ष की महिलाओं के पास टेस्ट के तीन विकल्प हैं।
    1. हर 5 वर्ष में पैप टेस्ट और HPV टेस्ट (एक साथ दोनों टेस्ट) करवाएं।
    2. हर 3 साल में एक बार पैप टेस्ट जरूर करवाएं।
    3. हर 5 साल में केवल HPV टेस्ट करवाएं।
  - अगर आपका पैप टेस्ट असामान्य है, HPV टेस्ट पॉजिटिव है, या कोई दूसरी स्वास्थ्य समस्याएँ हैं तो आपका डॉक्टर अधिक बार स्क्रीनिंग कराने की सिफारिश कर सकता है।
  - अगर आपका पैप टेस्ट असामान्य है या HPV टेस्ट पॉजिटिव है तो आपको अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। अगर आपके टेस्ट में कैंसर-पूर्व कोशिकाएं पाई जाती हैं, तो इसे कैंसर में बदलने से रोकने के लिए उपचार उपलब्ध है।

## आप खास है। हम आपके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने में आपकी मदद करने के लिए यहां मौजूद हैं।

सर्वाइकल कैंसर की जांच के बारे में चिंताएं और सवाल होना आम बात है। अपने डॉक्टर से बात करें ताकि वे आपकी मदद कर सकें।

**स्क्रीनिंग कराने में आने वाली कुछ सामान्य बाधाएँ इस प्रकार हैं:**

- “मैं बिलकुल ठीक महसूस कर रही हूँ।”
- “यह बहुत शर्मनाक है।”
- “मेरे पास समय नहीं है।”
- “मुझे डर है कि इससे दर्द होगा।”
- “रजोनिवृत्ति के बाद स्क्रीनिंग जरूरी नहीं है।”
- “मेरे एक से अधिक यौन साथी नहीं हैं।”
- सदमा
- पारिवारिक जिम्मेदारियां

## आपके लिए स्क्रीनिंग करवाना क्यों जरूरी है:

- जल्द पता लगाना महत्वपूर्ण है।
- ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) आपके शरीर में सालों तक निष्क्रिय रह सकता है।
- हो सकता है कि आपको या आपके साथी को HPV संक्रमण हो गया हो, लेकिन आपको इसकी जानकारी न हो।
- आपके देखभाल प्रदाता भी आपकी सुविधा सुनिश्चित करने और आपके समय का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- आपको यह जानकर अच्छा लगेगा कि आपने अपने लिए समय निकाला।
- अपने बच्चों के लिए एक अच्छा रोल मॉडल बनें।
- सर्वाइकल कैंसर कभी-कभी बिना किसी लक्षण के भी मौजूद हो सकता है।



**अगर आपके पास अपने लाभों से जुड़े कोई सवाल हैं, तो हमें 1-833-510-4727 (TTY 711) पर कॉल करें।**

देर न करें! जांच करवाएं ताकि आप सुरक्षित और स्वस्थ रह सकें।

**अपॉइंटमेंट लेने के लिए अपने डॉक्टर को कॉल करें।**

ऑन-डिमांड टेलीफोनिक दुभाषिए का अनुरोध करने के लिए, Ambetter from PA Health & Wellness को 1-833-510-4727 (TTY 711) पर कॉल करें।

Ambetter from PA Health & Wellness के साथ आपका बीमा सर्वाइकल कैंसर की जांच को कवर करता है। आप अपनी वार्षिक सर्वाइकल स्क्रीनिंग पूरी करने पर My Health Pays® पुरस्कार प्रोत्साहन कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर $25 भी कमा सकते हैं।